प्रेस नोट थाना गोला जनपद गोरखपुर दिनांक 02.01.2025

कूटरचना कर फर्जी पासपोर्ट बनाकर विदेश जाने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक दक्षिणी के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोला के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक गोला के नेतृत्व में उ0नि0 फुलीन्दर यादव मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 493/2024 धारा 419,420,467,468,471 भादवि व 12 पासपोर्ट अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त सुरेश पाल को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी द्वारा अभियुक्त के पासपोर्ट की भौतिक जाँच की गयी तो ज्ञात हुआ कि अभियुक्त उपरोक्त द्वारा अपना नाम बदलकर कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग करते हुए अपने नाम से दो पासपोर्ट कार्यालय से प्राप्त किया गया है व उक्त पासपोर्ट से काफी दिनो तक विदेश मे रहा गया। जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

सुरेश पाल पुत्र जीउत पाल निवासी ग्राम परसा उर्फ अगलहवा थाना गोला जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 493/2024 धारा 419,420,467,468,471 भा0दं0सं0 व 12 पासपोर्ट अधिनियम थाना गोला जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 फुलीन्दर यादव थाना गोला जनपद गोरखपुर
2. कां0 पीयूष कुमार थाना गोला गोरखपुर